Central Complaint cell of DTC

5286. SHRI BHIKHU RAM JAIN: Will the Minister of SHIPPING AND TRANSPORT be pleased to state:

(a) whether the Delhi Transport Corporation has established a Central Complaint Cell to deal with public complaints; and

(b) if so, the details thereof and the procedure to be adopted in the matter?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF SHIPPING AND TRANSPORT (SHRI Z. R. ANSARI): (a) Yes, Sir.

(b) A Central Complaint Cell has been established at the Head Office of DTC with effect from 21st February, 1983. This Cell is mainly responsible for speedy disposal of serious complaints received at Headquarters. Besides, it coordinates and controls the work of depot and divisional level compaint cells. Complaints can be given by public in writing or orally over the telephone to the Central Complaint Cell. It also arranges to get complaints of serious nature collected from the complaints when they are unable to bring the complaints personally.

फरवरी, 1981 में सम्पन्न हुई रेलवे सेवा आयोग की परीक्षा का परिणाम

5287. श्री निहाल सिंह: क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि रेल लोक सेवा आयोग, इलाहाबाद ने विभिन्न पदों हेतु फरवरी 1981 में लिखित परिक्षा ली थी और 7 फरवरी 1982 को साक्षात्कार लिए थे और उनके परिणाम अभी तक घोषित नहीं किए गए हैं; और

(ख) यदि हां, तो किन कारणों से परिणाम को रोका गया है और परिणाम कब तक घोषित कर दिया जायेगा ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सी. के. जाफर शरीफ): (क) जी हां । लिखित परीक्षा फरवरी, 1981 में आयोजित की गयी थी तथा इण्टरव्यू जून, 1982 से नवम्बर 1982 तक की अवधि के दौरान लिए गए थे ।

(ख) परिणाम शीघ्र घोषित करने के लिद रेल सेवा आयोग, इलाहाबाद को निदेश दिए गए थे ।

सिवान स्टेशन से और अधिक रेलगाड़ियां शुरू करना और रेलगाड़ियों के समय पर चलने को सुनिश्चित करना

5288. श्री कृष्ण प्रताप सिंह: क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सिवान स्टेशन से (बिहार), इस लाइन को बड़ी लाइन में बदलने के एक वर्ष बाद भी, केवल 10 रेलगाड़ियां चलती हैं;

(ख) इस जंक्शन से, पश्चिम की ओर नरास्ता गोरखपुर यात्रा के लिए 24 घण्टों में केवल एक रेलगाड़ी उपलब्ध होती है और हावडा के लिए भी एक ही रेलगाड़ी है;

(ग) क्या इस जंक्शन से रेलगाड़ियां समय पर नहीं चल रही हैं;

(घ) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं; और

(ङ) वहां रेलगाड़ियों की संख्या बढ़ाने और तेज गति की एक लम्बी दूरी तक जाने वाली रेलगाड़ियां शुरू करने और उनके समय पर चलने को सुनिशिच्य करने के लिए क्या कोई कदम उठाए गए हैं अथवा उठाये जाने का विचार है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सी. के. जाफर शरीफ): (क) जी नहीं । बड़ी लाइन की 12 गाड़ियां हैं ।

(ख) जी हां । बहरहाल गोरखपुर से आगे तथा हावड़ा के लिए भी यात्रा करने हेतु सम्बद्ध सेवाएं उपलब्ध हैं ।

(ग) हाल ही में गाड़ियों के समय-पालन में थोड़ा सुधार दिखायी दिया है ।

(घ) गाड़ियों के विलम्ब से चलने के मुख्य कारण बिना सोचे समझे खतरे की जंजीर खींचना तथा भाप रेल इंजन की खराबियां है ।